तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 11 नवंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4



मिट्टी परीक्षण, बुआई के बाद हुई कटाई भी खत्म पर किसानों तक नहीं पहुंची रिपोर्ट

## खबर संक्षेप

### पुराने सामानों की नीलामी 28 को

**कोरबा।** नगर सैनिकों के पुराने वर्दियां, कार्यालय के अन्य अप्रयोज्य सामानों की नीलामी 28 नवंबर को जिला सेनानी कार्यालय नगरसेना कोरबा में होगी। यह नीलामी होमगार्ड लाईन रजगामार रोड कार्यालय में सुबह 11 बजे होगी। नगरसेना के कोरबा कार्यालय द्वारा निष्प्रयोज्य घोषित सामग्रियों की नीलामी लाट में, जैसी है जहां है जितनी है आधार पर की जायेगी। निष्प्रयोज्य घोषित सामग्रियों में नगरसेना के जवानों की वर्दी सामग्री यथा फुलपेंट, कमीज, टोपी, टोपी बैज, कंधा बैज, जूते, मोजे, कंबल, दरी, जर्सी, अंगोला, शर्ट, बेल्ट, बेल्ट लेदर, मच्छरदानी, बरसाती, ग्राउण्ड सीट, व्हिसील, थाली, गिलास, बुट ब्रश, पंखा, सबमर्शिबल मोटर एवं अन्य अनुपयोगी सामग्री शामिल है। पूरे निष्प्रयोज्य सामान की एक साथ नीलामी होगी। इच्छुक क्रेता नीलामी तिथि से एक दिन पहले तक कार्यालय जिला सेनानी नगर सेना कोरबा में आकर सामग्रियों का अवलोकन कर सकते हैं।

### बन रही सड़क में दरारें गुणवत्ता पर उठे सवाल

**कोरबा।** कोरबा ब्लॉक के ग्राम पंचायत बगबुड़ा में सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ ही दिनों पहले शुरू हुआ सड़क निर्माण कार्य अब सवालों के घेरे में है क्योंकि सड़क अभी पूरी भी नहीं बनी है और एक तरफ से दरारें पड़ना शुरू हो गई हैं। सड़क के किनारों पर जगह-जगह मिट्टी धंसने और दरारें आने से लोगों में नाराज़गी साफ देखी जा सकती है। ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क विधायक मद से बन रही है, जिसका उद्देश्य गांव में आवागमन को सुगम बनाना था लेकिन निर्माण कार्य की स्थिति देखकर ऐसा लगता है कि ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों ने लापरवाही बरती है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। सड़क की नींव सही ढंग से नहीं भरी गई और डामर का लेप भी अधूरा छोड़ा गया है, जिससे कुछ ही दिनों में दरारें उभर आईं।

### निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर कल

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती पर निःशुल्क अस्थि खनिज घनत्व (बोन मिनरल डेंसिटी) जांच, निःशुल्क मधुमेह रक्त शर्करा जांच, तथा स्त्री, पुरुष एवं बच्चों के सभी सामान्य, साध्य, कष्टसाध्य, एवं असाध्य रोगों हेतु निःशुल्क आयुर्वेद-योग चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर 12 नवंबर को जिले सहित प्रदेश के यादव समाज, लायंस क्लब एवरेस्ट, पतंजलि आरोग्य केंद्र, शांतिकुंज गायत्री परिवार जैजैपुर एवं माई लाइफ माई स्टाइल ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में पतंजलि आरोग्य केंद्र, नरेश मेडिकल डिस्ट्रिब्यूटर एचडीएफसी बैंक के पास मेन रोड जैजैपुर में प्रातः 10 बजे से मध्यान्ह 2 बजे तक आयोजित की गई है। शिविर में डॉ.वागेश्वरी शर्मा एवं डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा अपनी चिकित्सकीय सेवायें देंगे। शिविर में आये प्रथम पंजीकृत 100 रोगियों की 2200 रुपये मूल्य की अस्थि खनिज घनत्व (बोन मिनरल डेंसिटी) की जांच दिल्ली के टैक्नीशियन द्वारा निशुल्क की जाएगी।

### कार्यकर्ता -सहायिका की भर्ती दावा-आपत्ति 21 तक

**कोरबा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा (शहरी) के निगम क्षेत्र में आंगनबाड़ी पालना कार्यकर्ता के 12 एवं पालना सहायिका के 12 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। जिसकी जांच एवं परीक्षण उपरांत अनन्तिम मूल्यांकन पत्रक जारी कर दिया गया है। मूल्यांकन पत्रक पर दावा आपत्तियां 12 से 21 नवंबर तक आमंत्रित की गई है। दावा आपत्तियां कार्यालयीन दिवस में प्रातः 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक परियोजना कार्यालय में जमा किया जा सकता है।

# नई तहसील बनने के बाद पटवारी हल्के के सीमा क्षेत्र का हुआ निर्धारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले में नई तहसीलों के गठन के बाद से पटवारी हल्के की सीमा क्षेत्र का भी नए सिरे से निर्धारण हुआ है। नए हल्कों के निर्माण के साथ नए राजस्व निरीक्षक मंडल भी बनाए गए हैं। इन नई तहसीलों के बनने के बाद जिले के पोड़ी उपरोड़ा तहसील में सर्वाधिक 33 पटवारी हल्के हैं और सबसे कम पटवारी हल्का अजगरबहार तहसील में हैं।

राजस्व कार्यों के विस्तार की जरुरत जिले में लंबे समय से महसूस की जा रही थी। कभी मात्र 5 तहसीलों का जिला होने के कारण राजस्व कार्यों के लंबित रहने के ज्यादा मामले सामने आते थे। आज जिले में 12 तहसील बन चुके हैं और इनके अंतर्गत पटवारी हल्कों का भी सीमा क्षेत्र का निर्धारण किए जाने के बाद राजस्व कार्यों के लिए भटकने वाले आम पक्षकारों को एक बड़ी सुविधा मिल गई है। जिले में कुल 254 पटवारी हल्के और 39 राजस्व निरीक्षक मंडल बनाए गए हैं। पटवारी हल्के के सीमा क्षेत्र के निर्धारण के बाद से ग्रामीणों को उनके पंचायत मुख्यालय में ही पटवारी मिल जा रहे हैं। बड़ी पंचायत वाले ग्राम पंचायतों में पटवारी मुख्यालय भी बनाया गया है। जिससे पटवारी अब ग्रामीणों को अपने मुख्यालयों में मिलने लगे हैं जो कभी खोजने में भी नहीं मिला करते थे।

### पोड़ी उपरोड़ा तहसील के अंतर्गत सर्वाधिक 33 पटवारी हल्के

**खास बात**

- राजस्व कार्यों के विस्तार के लिए नए तहसीलों का हुआ है गठन





### कहां कितना पटवारी हल्का

| तहसील | हल्का पटवारी | तहसील | हल्का पटवारी |
|---|---|---|---|
| पोड़ी उपरोड़ा | 33 | बरपाली | 27 |
| पसान | 20 | करतला | 13 |
| हरदीबाजार | 19 | भैसमा | 23 |
| पाली | 30 | कोरबा | 20 |
| दीपका | 16 | अजगरबहार | 09 |
| दर्री | 25 | कुल | 254 |
| कटघोरा | 19 | | |

लोनर एचई-1 तो झुंड एच ई के नाम से पहचाना जाएगा

# सुरक्षा, अब यूनिक आईडी से पहचाने जाएंगे लोनर हाथी और उनके झुण्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश में बढ़ती हाथियों की संख्या यह साफ दर्शाती है कि प्रदेश के जंगल इन हाथियों के लिए बेहतर रहवास है। जिले के कोरबा व कटघोरा वन मंडल में लगभग 80 से 90 हाथियों की मौजूदगी बनी हुई है। हाथियों द्वारा वनांचल क्षेत्र में जान माल को भी लगातार नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इन हाथियों की पहचान के लिए वन विभाग ने एक नई पहल शुरू की है। इसके तहत हाथियों का विशेष आईडी बनाया गया है। इससे हाथियों की सटीक संख्या और उनके झुंड का लोकेशन की जानकारी मिल रही है। साथ ही इस यूनिक आईडी से हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

उल्लेखनीय है कि जिले के कोरबा व कटघोरा वन मंडल में हाथियों का बसेरा है। हाथियों ने वर्ष 2000 में पहली बार पड़ोसी जिला रायगढ़ से कोरबा वन मंडल में अपनी दस्तक दी थी। पिछले ढाई दशकों में कोरबा और कटघोरा मंडल हाथियों को जमकर रास आया है। जिसके चलते इनका कुनबा लगातार बढ़ता गया। कटघोरा वन मंडल में लगभग 50 तो कोरबा वन मंडल में 42 हाथियों का झुंड वर्तमान में विचरण कर रहा है। हाथी लगातार वनांचल क्षेत्र में उत्पात भी मचाते रहते हैं। जिससे जान माल का नुकसान होते रहता है। इस नुकसान से बचने वन विभाग ने प्रदेश स्तर पर हाथियों की यूनिक आईडी तैयार किया है। जिसमें हाथी विशेषज्ञ मौके पर जाकर हाथियों के सिर, कान, पूंछ और पीठ की तस्वीरें लेते हैं। इन तस्वीरों के आधार पर आईडी बनाई जाती है। झुंड में शामिल लोनर हाथी को एम-ई/1 नाम दिया जा रहा है जबकि झुंड को एच-ई नाम दिया गया है। इस नई व्यवस्था से हाथियों की निगरानी और पहचान आसान हो जाएगी। साथ ही उनके मूवमेंट की जानकारी भी वन विभाग के पास रहेगी। इसके लिए राजधानी स्तर पर स्पेशल सेल भी तैयार किया गया है।

**खास बातें**

- हाथी के हर मूवमेंट की आसानी से मिल रही है जानकारी
- जिले के जंगल में हाथियों की बढ़ रही है गतिविधियां



फाइल फोटो

### प्रदेश में 362 हाथियों का झुंड

प्रदेश के जंगल में लगातार हाथियों की संख्या बढ़ती जा रही है। कुछ साल पहले हाथियों की संख्या लगभग 3 सौ के करीब थी अब मौजूदा स्थिति में प्रदेश में हाथियों की संख्या लगभग 362 जा पहुंची है। लगातार जंगल में बेबी एलीफेंट जन्म ले रहा है। खासतौर पर कोरबा और कटघोरा वन मंडल की बात करें तो जंगल में बेहतर रहवास मिलने की वजह से हाथी अब यहीं के होकर रह गए हैं। मौजूदा स्थिति में कोरबा वन मंडल में धरमजयगढ़ से एचई-7, रायगढ़ से एचई-1 और कोरबा का एचई-2 हाथी का झुंड विचरण कर रहा है जिसमें कुल 42 हाथी हैं। इन हाथियों के निगरानी की लिए अगल अगल टीम बनाई गई है ताकि वनांचल क्षेत्र में जान माल के नुकसान को रोका जा सके।

# सड़क पार कर रहे युवक को ट्रक ने मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने तेजी व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क पार कर रहे युवक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौत हो गई है। पुलिस ने दुर्घटनाकारित ट्रक चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परला निवासी विजेंद्र कुमार ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 9 नवंबर को रोड किनारे कोठार में क्रेशर से अपने घर की धान मिसाई करवा रहा था। धान मिसाई करवाने के बाद अपने कोठार से नंदू, विकास, कृष्णा साहू, मकुंद लाल लकड़ा के साथ परला रोडपारा एनएच130 मेनरोड को क्रास कर रहे थे मकुंद आगे आगे था रोड के किनारे हाई माक्स लाईट जल रहा था कि रात्रि 8:30 बजे चोटिया की ओर से आ रही तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक सीजी15 डीएफ 1887 के चालक ने तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मकुंद लाल लकड़ा को अपनी चपेट में ले लिया जिससे मुकुंद को गंभीर चोट आयी और आनन फानन में उसे पोड़ी उपरोड़ा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मुकुंद को मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# पैदल जा रही महिला से लूट लिया पर्स

**कोरबा।** मानिकपुर चौकी क्षेत्र में यहां निवासरत गंगाबाई सूर्यवंशी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि वह नगर निगम कॉलोनी के आई-29 में निवास करती है। उसकी छोटी बहन त्रिवेणी अपने परिवार के साथ बिसाहु दास महंत उद्यान में चौकीदारी व निवास करती है। 9 नवंबर की दोपहर लगभग 3 बजे गंगाबाई अपनी बहन त्रिवेणी के घर आयी थी वहां से काम निपटाकर गंगाबाई पैदल बुधवारी की ओर जा रही थी कि इसी दौरान पीछे से मोटर सायकल सवार कुछ युवक पहुंचे और गंगाबाई के हाथ में रखा हुआ पर्स को लूटकर फरार हो गए। पर्स में मोबाइल, 8 हजार नगदी रकम था। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लुटेरों की खोजबीन शुरु कर दी है।

# रविवार से लापता युवक का तालाब में मिला शव



घटनास्थल में जुटी ग्रामीणों की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रविवार की शाम से लापता उरगा थाना क्षेत्र के आमापाली निवासी युवक मनोज प्रजापति (25 वर्ष) का शव सोमवार की सुबह गांव के तालाब से बरामद कर लिया गया है। रविवार शाम को मनोज का कपड़ा तालाब की पचरी किनारे मिला था। सूचना मिलने पर एनडीआरएफ की टीम ने देर शाम तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया, लेकिन अंधेरा बढने के कारण खोजबीन रोकनी पड़ी। सोमवार की सुबह पुनः सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया और करीब सुबह 8 से 9 बजे के बीच युवक का शव तालाब से बाहर निकाला गया। मामले में पुलिस वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

### डाक कार्यवाहक ने उपभोक्ताओं की रकम को डकारी, मामला दर्ज

**कोरबा।** डाक विभाग में डाक कार्यवाहक के पद पर पदस्थ एक कर्मी ने उपभोक्ताओं की रकम को डकार लिया है। डाक विभाग के जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामले में अमानत में खयानत का अपराध पंजीबद्ध किया है। जानकारी अनुसार मामला हरदीबाजार थाना क्षेत्र का है जहां भिलाई बाजार डाकघर में वर्ष 2023 में डाक कार्यवाहक के पद पर रवि कुमार तंडेल की पदस्थापना थी। इस दौरान इसने आधा दर्जन उपभोक्ता जो पोस्ट ऑफिस में रकम जमा करने पहुंचते थे तो उनसे रकम तो ले ली गई लेकिन उनके खाते में रकम जमा हुई नहीं थी। मामले का भांडा फुटा तो डाकघर अधीक्षक बिलासपुर द्वारा मामले की जांच की गई जहां जांच में पाया गया कि रविकुमार द्वारा विभिन्न उपभोक्ताओं के लगभग साढ़े 6 लाख रुपए में हेरा फेरी की गई है। डाक विभाग की जांच शिकायत के आधार पर हरदीबाजार पुलिस ने रवि कुमार के खिलाफ धारा 409 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# प्रधानपाठक व किसान के घर चोरों ने फेरा हाथ, लाखों के जेवरात पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के अलग अलग थाना चौकी क्षेत्र में चोरों ने तीन स्थानों में चोरी की घटना को अंजाम दिया है और लाखों रुपए कीमत के जेवरात पार कर लिए हैं। सभी मामलों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर चोरों की धरपकड़ का प्रयास शुरु कर दिया है।

चोरी की पहली घटना बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक शाला कोराई के प्रधानपाठक हेमंत कुमार साहू के घर पर घटित हुई। हेमंत साहू द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार 9 नवंबर की रात लगभग 8.30 बजे खाना खाकर वह और उनके परिजन अपने अपने कमरे में सोने चले गये। जब अगले दिन सुबह 5 बजे उसकी नींद खुली तो उन्होंने देखा कि उनके घर का मुख्य दरवाजा और कमरे के भीतर रखे आलमारी खुली हुई है। जिसका सामान बिखरा हुआ है। अज्ञात चोरों ने उसके घर से सोने चांदी के जेवरात सहित लाखों रुपए का माल मार कर दिया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों की पतासाजी शुरु कर दी है। चोरी की दूसरी घटना कोतवाली थाना क्षेत्र में घटित हुई है। यहां निवासरत सोहेल पारेख पिता अमिन पारेख ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 7 नवंबर की सुबह लगभग 10 बजे दुकान के सामने खडी गाडी माजदा में रखे 2 काटून सिगरेट, 3 काटून चाकलेट को किसी अज्ञात चोरों ने पार कर दिया है। मामले की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस ने जांच शुरु कर दी है। चोरी की तीसरी घटना करतला थाना के ग्राम चैनपुर में घटित हुई है। यहां निवासरत प्रदीप कुमार राठिया पिता रामप्रसाद राठिया ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 9 नवंबर की सुबह लगभग 8 बजे अपने घर में तालाबंद कर परिवार सहित धान की फसल काटने खेत गया हुआ था। इस दौरान अज्ञात चोरों ने उसके घर में ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने का मांगमोती, सोने का नथनी, सोने का करंजफुल, सोने का पीपर पत्ता 11 दाना, सोने का मंगलसूत्र, चांदी का मंगलसूत्र, चांदी का बाजूबंद दो नग, चांदी का कमर पटटा, चांदी का अंगूठी तीन नग, चांदी का पायल तीन नग, चांदी की बिछिया तीन नग कीमती लगभग 1 लाख रुपए को की चोरी कर ली है। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले की तहकीकात शुरु कर दी है।

**खास बात**

- जिले के बांकीमोंगरा, करतला व कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई वारदात

विधिक सेवा प्राधिकरण ने मनाया राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस

# न्याय हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यकम को संबोधित करते प्रधान न्यायाधीश एवं उपस्थित नागरिकगण।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशन एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष संतोष शर्मा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के मार्गदर्शन में रविवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर न्याय जागरूकता विधिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गयी।

कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष संतोष शर्मा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा, श्री जयदीप गर्ग, विशेष न्यायाधीश एस.सी./एस.टी. कोरबा, गरिमा शर्मा, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश कोरबा, डॉ. ममता भेजवानी, अपर सत्र न्यायाधीश एफ.टी.एस.सी.(पॉक्सो) कोरबा, सोनी तिवारी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोरबा,सुश्री त्राप्ती राधव तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी कोरबा, सुश्री ग्रेसी सिंह प्रथम अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी कोरबा, डॉ. किरण, प्रचार्या ज्योति भूषण प्रताप सिंह लॉ कॉलेज की उपस्थिति में विधिक सेवा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश ने विधिक सेवा दिवस कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए आमजन को कानूनी अधिकारों की जानकारी देना, न्याय तक समान पहुंच सुनिश्ति करना, निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। उपरोक्त कार्यक्रम में अध्यक्ष/प्रधान जिला न्यायाधीश के द्वारा अपने उदबोधन में विधिक सेवा का साब्दिक अर्थ बताते हुए प्राचीन काल से कानून से संबंधित ज्ञान को सेवा के साथ न्यायिक प्रक्रिया मुगल काल, मगद काल के जमाने में त्वरित निर्णय प्रदान कर फैसला दिया जाता था जिसमें सुनवाई का अवसर नहीं मिल पाता था ऐसे में न्याय की पूर्ति नहीं हो पाती थी। कानूनों में सनैः सनैः विकास हुआ यह व्यवस्था बदलती गयी जब हमारा देश आजाद हुआ तब स्वतन्त्र न्यायिक व्यवस्था की स्थापना हुई उसके अंतर्गत सर्वोच्च न्यायालय, सभी राज्यों में उच्च न्यायालय, जिला न्यायालय एवं व्यवहार न्यायालय की स्थापना के बाद भी एक आवश्कता महसूस की जाती रही। जिसके अंतर्गत यह देखा गया कि जो निर्बल पक्ष या गरीब पक्ष अपना उचित प्रकार से न्यायालय में पक्ष प्रस्तुत नहीं कर पा रहा है। इसलिए जो न्याय प्रदान करने का प्रक्रिया था माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने पीड़ित पक्ष को जो खर्च वहन करने में सक्षम नहीं था संविधान में व्यवस्थाओं में संसोधन कर विधिक सेवा प्राधिकरणों का वर्णन है जो संविधान एवं उद्देशिका में भी निहित है।

### आरएसएस के कार्यकर्ता पर हमला करने वाला युवक गया जेल

**कोरबा।** आरएसएस के सक्रिय कार्यकर्ता पर कैंची और पत्थर से हमला करने वाले युवक को आखिरकार पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।



आरोपी।

उल्लेखनीय है कि टीपी नगर क्षेत्र निवासी अमरजीत सिंह 55 वर्ष आरएसएस का सक्रिय कार्यकर्ता हैं। रविवार को तुलसी नगर निवासी सैफ नामक युवक से अमरजीत सिंह पर ईंट व कैंची से जानलेवा हमला कर मौके से फरार हो गया था। सोमवार को नगर कोतवाल मोतीलाल पटेल व उनकी टीम ने हमला करने वाले सैफ नामक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

**खबर संक्षेप**

### महिला की इलाज के दौरान मौत

**बिलासपुर।** फांसी लगाने वाली महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, एनई कालोनी निवासी पूर्णिमा राजपूत पति राजेन्द्र राजपूत 30 साल ने 9 नवंबर की सुबह घर में फांसी पर लटक गई थी। आवाज आने पर पति ने आनन फानन में फंदा काटकर उन्हें इलाज के लिए निजी हासिपटल में भर्ती कराया था। 10 अक्टूबर को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उनके पति राजेन्द्र ट्रेवल्स एजेंसी चलाते हैं और उनके तीन बच्चे हैं। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा

**बिलासपुर।** प्लांट के अंदर ट्रेलर के पिछले चक्के से कुचलकर एक मजदूर की मौत हो गई है। हादसे के बाद बड़ी संख्या में मजदूर व परिजन ने मुआवजा राशि की मांग को लेकर हंगामा मचाया। प्रबंधन द्वारा मांग पूरी करने का आश्वासन देने पर हंगामा शांत हुआ है। कोनी टीआई भावेश शेंडे ने बताया, नीरतू निवासी खगेश पटेल पिता गोवर्धन पटेल 23 साल गांव के निजी स्टील एंड पावर प्लांट में रोजी मजदूरी कर रहे थे। सोमवार की सुबह 6 बजे वे प्लांट के कोयला अनलोडिंग क्षेत्र में काम कर रहे थे। इसी दौरान ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 एडब्ल्यू, 8023 के ड्राइवर ने कोयला अनलोडिंग के दौरान तेज गति से गाड़ी पीछे की, इससे काम कर रहा मजदूर खगेश पटेल पिछले चक्के की चपेट में आ गया। हादसे में उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद परिजन प्लांट आ गए। बड़ी संख्या में परिजन व ग्रामीण ने मुआवजा राशि की मांग को लेकर हंगामा मचाना शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही कोनी पुलिस प्लांट पहुंच गई। प्लांट प्रबंधन की ओर मजदूरों की मांग पूरी करने का आश्वासन देने के बाद हंगामा समाप्त हो गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया गया। पुलिस ने ट्रेलर जब्त कर चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### सीवरेज के गड्ढे बिगाड़ रहे चाल, लोग परेशान

**बिलासपुर।** शहर में सीवरेज की समस्या इतने सालों के बाद भी जस की तस बनी हुई है। सीवरेज चेंबर पर लग ढक्कन सड़कों से नीचे है, ऐसे में यह गड्ढों की तरह ही प्रतीत होते है। बारिश के बाद इसके आसपास गड्ढे हो चुके है। जिससे बचकर चलने में ही लोगों की भलाई है लेकिन मुख्य सड़कों पर कभी इन गड्ढों से सामना हो रहा है, और वाहनों की चाल खराब हो रही है। कई बार हादसा भी हो रहा है, लेकिन नगर निगम इन चेंबर के ढक्कनों को सुधारने का नाम नहीं ले रही है। ऐसे में शहर भर के लोग अनजानें गड्ढों से परेशान है।

**भारतीय पशु चिकित्सा परिषद का होगा निरीक्षण** | **बिलासपुर सहित उत्तरी छत्तीसगढ़ के बच्चों को मिलेगा फायदा**

# 25 साल बाद प्रदेश का दूसरा वेटनरी कालेज बनकर तैयार, अगले साल से शुरू होगी पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राज्य बनने के 25 साल बाद प्रदेश का दूसरा वेटनरी कालेज आकार ले चुका है। कालेज में कर्मचारी काम करने लगे हैं, वहीं संसाधनों को जुटाने का काम भी तेजी से जारी है। ऐसे में यह कयास लगाए जा रहे हैं कि सत्र 2026 से वेटनरी की पढ़ाई जिले में हो सकेगी। खास बात यह है कि स्टूडेंट के लिए प्रशासनिक भवन, क्लास रूम और हास्टल बन चुके है। वहीं पशु चिकित्सा विज्ञान के लिए पशुओं को लाया गया है।

प्रदेश का दूसरा वेटनरी कॉलेज 10 सालों बाद बन कर तैयार हो चुका है। कालेज में नए सिरे से डीन की नियुक्ति होते ही निर्माण में तेजी आई है, महज 5 माह के भीतर खंडहर हो चुके भवन को संवार दिया गया है। प्रशासनिक भवन, गर्ल्स और बॉयस हास्टल और पशु शेड, कालेज बिल्डिंग, लाइब्रेरी, स्टाफ रूम बन चुके हैं। इस साल अब तक पशु चिकित्सा विज्ञान के लिए



एडमिशन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। ऐसे में अगले साल से यहां भी पशु चिकित्सा में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। प्रारंभिक चरण में 30 स्टूडेंट के बैच के साथ चिकित्सा शिक्षा शुरू की जाएगी। खास बात यह है कि इससे बिलासपुर, मुंगेली, सरगुजा, रायगढ़ जिले के साथ ही उत्तरी छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के स्टूडेंट को वेटनरी शिक्षा में एडमिशन लेने का मौका मिलेगा।



### 30 सीटों से खुलेगा कालेज

राज्य का दूसरा वेटनरी कॉलेज सत्र 2026-27 में शुरू होगा। इसके लिए पहले भारतीय पशु चिकित्सा परिषद का निरीक्षण अनिवार्य होगा। वहीं इसकी मान्यता के आधार पर एडमिशन शुरू होगी। खास बात यह है कि साल 2016 में 30 सीटों से कालेज शुरू किया गया था, और अधोसंरचना और स्टाफ की कमी के चलते भारतीय पशु चिकित्सा परिषद के द्वारा 2017 में मान्यता रद्द कर छात्र, स्टाफ, प्रोफेसर व पशुओं को दुर्ग में भेज दिया था।

### अंजोरा से लाया गया पशु और मशीन

बिलासपुर में खुलने वाले वेटनरी कालेज के लिए दुर्ग अंजोरा से 8 साहीवाल गाय, 12 ओशमाबादी बकरी, 10 सुअर लाए गए है। इसके साथ ही पैरा काटने के लिए मशीनें, ट्रैक्टर और अन्य कलपुर्जे और मशीनें मंगाई गई है। परिसर में इसके रखरखाव के लिए तैयारी की जा रही है। लाइब्रेरी बन चुकी है, जिसमें अब पुस्तकें रखी जा रही हैं।

### एक साल और लगेगा

महाविद्यालय के लिए प्रशासन ने 41 एकड़ जमीन की स्वीकृति दी है, इसमें से कुछ हिस्से में सिम्स अस्पताल को हस्तांतरित किया गया है। लेकिन वर्तमान में केवल 28 एकड़ जमीन पर ही निर्माण किया गया है। बकरी पालन, डेयरी फार्म, पोल्ट्री फार्म, घोड़े का अस्तबल और चारा की व्यवस्था करने के लिए, 10 एकड़ अतिरिक्त जमीन ठाकुर छेदी लाल बेरिस्टर एग्रीकल्चर कॉलेज से मिल चुकी है।

### एडमिशन शुरू होगा

निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है। हमारा स्टाफ काम कर रहा है, वर्तमान में कुछ प्रोफेसर और स्टाफ अंजोरा दुर्ग से यहां आ चुके है। बाकी अटैचमेंट भी खत्म कर स्टाफ बढ़ाया जाएगा। इस आने वाले साल में एडमिशन शुरू होगा।

**-डॉ केके मुखर्जी**
डीन, वेटनरी कॉलेज, कोनी

**सकरी, भरनी, चोरभट्ठी व मंगला में तंबू ताने बैठे हैं एजेंट**

# कच्ची प्लॉटिंग की रजिस्ट्री बैन, पर आउटर में खुलेआम बिक रहे प्लॉट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश सरकार ने पांच डिसमिल से कम भूमि की रजिस्ट्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। कलेक्टर ने भी बिलासपुर ने कच्ची प्लॉटिंग की रजिस्ट्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके विपरीत शहर से किसी भी मार्ग पर निकल जाइये अवैध प्लॉटिंग करने वालों के एजेंट तंबू तानकर बैठे हैं। अवैध प्लॉटिंग का कारोबार आज भी डंके की चोट पर फल-फूल रहा है, लेकिन प्रशासन का इस बात से बेखबर होना समझ से परे है।

कागजों में कच्ची प्लॉटिंग भले ही प्रतिबंधित हो गई होगी, लेकिन मौके पर अवैध प्लॉटिंग का धंधा जोरों पर फल-फूल रहा है। शहर से बाहर जाने वाली हर सड़क पर इस व्यवसाय से जुड़े लोग अपना धंधा जारी रखे हुए हैं। कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा जिले में चार्ज लेने के साथ ही अवैध प्लॉटिंग पर नकेल कसने रजिस्ट्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा इस संबंध में जिला पंजीयक रजिस्ट्री विभाग से जानकारी ली जाती है। आश्चर्यजनक बात यह है कि कच्ची प्लॉटिंग की रजिस्ट्री बंद होने के बाद भी इस व्यवसाय से जुड़े लोग इस काम में इतने सक्रिय क्यों हैं? इनकी सजगता इस बात की ओर भी इशारा कर रहा है कि तहसील कार्यालयों में स्थापित रजिस्ट्री कार्यालयों में कच्ची प्लॉटिंग की रजिस्ट्री आज भी बेधड़क की जा रही है।



सकरी रोड पर जमीन बिक्री के लिए लगाया गया स्टाल।



कोटा रोड पर जमीन बिक्री के लिए लगा स्टाल।

### सामने रेरा-टीएनसी और पीछे कच्चे प्लॉट की बिक्री

इस धंधे में संलग्न लोग बड़े शातिर हैं। सामने सड़क से लगी जमीनों पर उन्होंने टीएनसी व रेरा के नियमानुसार प्लॉटिंग की है, जिसे वे अधिक कीमतों पर बेच रहे हैं। कई स्थानों पर प्रचार-प्रसार भी इन्हीं को दिखाकर किया जा रहा है। इसके विपरीत ग्राहक द्वारा सस्ता प्लॉट मांगने पर वे धीरे से पीछे के कच्चे प्लॉट की दुकानदारी प्रारंभ करते हैं, जो कि दस से पंद्रह एकड़ रकबे में फैला है।

### कल से नहीं बेचेंगे

कोटा रोड में सीआरपीएफ कैंप के पास छतरी लगाकर फार्म हाऊस, प्लॉट एवं मकानों की बिक्री कर रहे लोग यहां अवैध प्लॉटिंग कर कच्चा प्लॉट बेच रहे हैं। कच्चे प्लॉट की बिक्री प्रतिबंधित होने एवं रजिस्ट्री पर बैन होने की बात पर एजेंट ने कल से नहीं बेचने की बात कही। उसने बताया कि फिलहाल उन्होंने दो ही प्लॉट बुकिंग की है, जिनके पैसे वापस कर देंगे। खसरा नंबर पूछने पर उसने बताया मौके पर पंद्रह से बीस खसरा नंबर हैं, जिनमें प्लॉटिंग की जा रही है।

### इन स्थानों पर छतरी लगाकर बेच रहे प्लॉट

शहर के बाहर कोटा रोड में सकरी, भरनी, चोरभट्ठी व गनियारी से आगे। मस्तूरी रोड में देवरीखुर्द व मस्तूरी से ठीक पहले फोरलेन तिराहे पर। रायपुर रोड में हाईकोर्ट के सामने एवं धौराभाठा में। तखतपुर रोड कानन पेंडारी के सामने व काठाकोनी मोड़ के पास। सीपत रोड में मोपका चौक के पास, लगरा पुल के बाद, सीपत एनटीपीसी गेट के पास एवं गुड़ी में मेन रोड पर अवैध प्लॉटिंग का धंधा करने वालों के एजेंट पीली छतरी लगाकर बैठे हैं। इसी तरह मंगला व लोखंडी में भी विगत लंबे समय से एजेंट सक्रिय हैं एजेंटों पर इन मार्गों से गुजरने वाले प्रत्येक व्यक्ति की नजर पड़ जाती है। ऐसे में जिला प्रशासन के अधिकारियों की नजर इन पर न पड़े ऐसा हो ही नहीं सकता।

### नियमानुसार गलत है

शहर में तो कच्ची प्लॉटिंग की रजिस्ट्री पूरी तरह प्रतिबंधित है। पांच डिसमिल से कम भूमि की रजिस्ट्री प्रदेश स्तर पर प्रतिबंधित है। नए नियमों के अनुसार जमीन जिस तहसील की है, उसकी रजिस्ट्री भी उसी तहसील में होगी, लेकिन तहसील स्तर पर भी कच्ची प्लॉटिंग की रजिस्ट्री नहीं की जा सकती। नियमानुसार यह गलत है।

**-आरके स्वर्णकार,**
जिला पंजीयक रजिस्ट्री विभाग

### कार्रवाई की जाएगी

कोटा अनुभाग में फिलहाल तो अवैध प्लॉटिंग की कोई जानकारी नहीं है, लेकिन कोई खसरा नंबर पता हो जिसमें अवैध प्लॉटिंग की जा रही है तो कार्रवाई की जाएगी।

**-नितिन तिवारी,** एसडीएम कोटा

**कबाड़ियों को दी हिदायत**

# कबाड़ी दुकानों की पुलिस ने की जांच, एक पर कार्रवाई



कबाड़ी से पूछताछ करती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोतवाली व तोरवा पुलिस ने दर्जनों कबाड़ी दुकानों में छापा मारकर जांच की, लेकिन सिर्फ एक दुकान में लोहे का कबाड़ मिलने पर कबाड़ी के खिलाफ कार्रवाई की गई है। वहीं अन्य कबाड़ियों को चोरी का सामान खरीदी बिक्री से दूर रहने की हिदायत दी गई है।

कोतवाली सीएसपी आईपीएस गगन कुमार के निर्देश पर कोतवाली टीआई देवेश कुमार राठौर ने स्टाफ के साथ खपरगंज क्षेत्र में संचालित जावेद मेमन, अकबर कुरैशी, मधु विश्वकर्मा, अक्षय कुमार गुप्ता, हुसैन सैफी की दुकानों में दबिश देकर बारीकी से जांच की गई। इस दौरान किसी प्रकार का संदिग्ध या चोरी का सामान नहीं पाया गया है। वहीं दिनेश साहू पिता स्व. सुखदेव प्रसाद साहू 54 साल की दुकान में संदिग्ध लोहे की राड, दरवाजा सहित 250 किलो कबाड़ जब्त कर कबाड़ी के खिलाफ बीएनएस की धारा 35, 1-4, 303, 2 के तहत कार्रवाई की गई है।

इसी तरह तोरवा पुलिस ने फजीर कबाड़ी बुधवारी बाजार, चौहान कबाड़ी मानिकपुर, पप्पू कबाड़ी देवरीखुर्द, अकबर कबाड़ी देवरीखुर्द, तस्सु कबाड़ी धानमंडी रोड पावर हाउस, शारिक कबाड़ी कासिमपारा के दुकानों की जांच की गई। इस दौरान सभी दुकानों पेपर व प्लास्टिक का कबाड़ पाया गया है। कोई संदिग्ध सामान नहीं मिला है। सभी कबाड़ियों को चोरी का सामान खरीदी बिक्री नहीं करने का हिदायत दी गई है।

### रेलवे पेंशन के लिए विशेष कैंप आयोजित

**बिलासपुर।** पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के निर्देशानुसार सभी जोनल रेलवे में 30 नवंबर तक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 आयोजित किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य पेंशनभोगियों के डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा देना और उन्हें अपने घर से या अपनी पेंशन वितरण बैंक शाखा से डिजिटल रूप में जीवन प्रमाण पत्र जमा करने में सुविधा प्रदान करना है। इसके तहत मंडल के सेवानिवृत्त रेलकर्मियों एवं उनके परिजन की सुविधा के लिए 28 नवंबर तक विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें फेस आधारित डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट निःशुल्क बनाए जाएंगे। यह कैंप अलग-अलग दिन में ब्रजराजनगर, रायगढ़, उमरिया, चांपा, बिलासपुर के एनई इंस्टीट्यूट, कोरबा, शहडोल, अनूपपुर, पेण्ड्रारोड, मनेन्द्रगढ़ स्टेशन में होगा।

# पुराने नौकर ने दुकान से 5 लाख 80 हजार सहित तिजोरी पार किया

**बिलासपुर।** मंगला चौक स्थित टाइल्स दुकान में तिजोरी सहित 5 लाख 80 रुपए चोरी के मामले में चोरों को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिल गई है। पुलिस के अनुसार नौकरी से निकालने पर पूर्व नौकर ने एक सहयोगी युवक के साथ चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने देवास में दबिश देकर पब में अय्याशी करते दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से 1 लाख 97 हजार रुपए, चोरी की रकम से खरीदे गए दो मोबाइल व अन्य सामान जब्त किए गए हैं।

29 अक्टूबर को मंगला चौक स्थित स्क्वायरफीट टाइल्स दुकान से प्लास्टिक का सीट व फाल सिलिंग तोड़कर 5 लाख 80 हजार रुपए सहित इलेक्ट्रानिक तिजोरी चोरी कर



लिया गया था। दुकान संचालक अज्ञेय नगर निवासी सत्यजीत राजनकर ने पुलिस को बताया कि तोरवा राधाकृष्ण मंदिर निवासी सोमू उर्फ अनुज कश्यप पिता कृष्ण कुमार कश्यप 23 साल तीन साल से उनकी दुकान में काम कर रहा था। फरवरी 2025 में दुकान से नल की टोटी सहित अन्य सामान चोरी करते पकड़ लेने पर उसे नौकरी से निकाल दिया गया। पुलिस ने उसका मोबाइल लोकेशन निकाला तो घटना की रात में उसका लोकेशन मंगला चौक पाया गया। पुलिस ने उसके घर में दबिश दी तो गायब मिला। पुलिस लगातार उसका मोबाइल लोकेशन लेने में लगी हुई थी। देवास में उसका मोबाइल लोकेशन मिलने पर एएसआई चंद्रकांत डहरिया के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने देवास में दबिश देकर सोमू उर्फ अनुज कश्यप व उसके साथी आर्यन शुक्ला पिता उमेश शुक्ला 22 साल जगजीवन वार्ड नम्बर 21 कटनी निवासी को पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर दोनों ने दुकान में चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से 1 लाख 97 हजार रुपए नकद व दो मोबाइल व अन्य सामान बरामद कर लिया है। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### चोरी की रकम से अय्याशी

चोरी करने के बाद दोनों युवक ट्रेन से भोपाल चले गए। वहां उज्जैन महाकाल का दर्शन करने के बाद अजमेर चले गए। वहां घूमने के बाद देवास आए और चोरी की रकम 1 लाख 30 हजार रुपए से दो नग आईफोन, 28 हजार के जूते कपड़े, बैग खरीदा था। वहीं देवास में रोज पब में जाकर अय्याशी कर रहे थे। पुलिस ने चोरी की रकम से खरीदा गया सामान जब्त कर लिया है।

### चिल्हाटी खार में तोड़ी तिजोरी

चोरी करने के बाद दोनों युवक आराम से बाइक में तिजोरी को रखकर चिल्हाटी के खार गए। वहां पत्थर से तिजोरी को तोड़कर नकद रकम निकालकर शहर छोड़कर भाग गए थे। पुलिस ने चिल्हाटी खार से तिजोरी के पाट्‌र्स व पत्थर जब्त किया है।

### सिम्स में सामने ठेले बंद हो जाता है गेट

**बिलासपुर।** संभाग के सबसे बड़े अस्पताल के ठीक सामने ठेले वालों का कब्जा है, सुबह 6 बजे से यहां ठेले लग जाते है। दिन भर ठेले लगे रहे है। खास बात यह है कि इन अवैध ठेले वालों की हिम्मत इस कदर बढ़ चुकी है कि सिम्स का गेट भी इन्हें नहीं बच रहा है। दोपहर 12 बजे तक सिम्स गेट पूरी तरह से ठेले वालों के कब्जे में रहता है, इससे मरीज व उनके परिजन परेशान हो रहे हैं।

# 2 लाख 20 हजार लेनदेन को लेकर मारपीट, 12 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** रामायण का चंदा 2 लाख 20 हजार रुपए के लेनदेन को लेकर भाजपा व कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच बैठक हो रही थी। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई।

पुलिस ने दोनों पक्षों के 12 लोगों को गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। मस्तूरी टीआई हरिशचंद्र टाण्डेकर ने बताया, ग्राम कर्रा निवासी भाजपा नेता बिट्टू कौशिक, कांग्रेस नेता परस चंद्राकर पर रामायण का चंदा 2 लाख 20 हजार रुपए गबन कर देने का आरोप लगा रहा है।

इसे लेकर सोमवार को गांव में भाजपा व कांग्रेस पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं के बीच बैठक आयोजित की गई थी, आरोप प्रत्यारोप के बीच दोनों गुटों में मारपीट हो गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर मारपीट कर एक पक्ष से टीकम कौशिक, गंगा प्रसाद कौशिक, दीपक कौशिक, मनोज कौशिक व दूसरे पक्ष से रिखी राम केंवट, लखन लाल चंद्राकर, प्रशांत विश्वकर्मा, रामदयाल पटेल, पुरूषोत्तम चंद्राकर, परस राम चंद्राकर, शत्रुहन लाल चंद्राकर, मनहरण कौशिक को गिरफ्तार कर लिया है।

# रुपए नहीं देने पर रास्ता रोककर प्राणघातक हमला, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शराब पीने के लिए रुपए नहीं देने पर रास्ता रोककर प्राणघातक हमला करने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला सिटी कोतवाली अंतर्गत ग्राम

**खास बात**

- सिटी कोतवाली जांजगीर के ग्राम धुरकोट की घटना



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

धुरकोट का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संजोग कुमार बरेठ निवासी नवाभाठा धुरकोट द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 8 नवंबर को अपने साथी लालू उर्फ अंतराम के साथ अपने मोटर सायकल घर जा रहा था कि ग्राम धुरकोट के बिजली आफिस के पास पहुंचा था। तभी गांव का रामजी सूर्यवंशी उसका भाई मनोज सूर्यवंशी तथा विरेन्द्र सूर्यवंशी एंव ददुआ चारो लोग दो मोटर सायकल से आकर प्रार्थी के मोटर सायकल के सामने अड़ाकर शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगे तो उन्हे पैसे देने से मना किया तो चारो लोग प्रार्थी और उसके साथी को हत्या करने के नियत से राड एंव डण्डा से प्राण घातक हमला कर कर चोंट पहुंचाया वहां से भाग गये जिसकी सूचना रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना जांजगीर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त रॉड, डंडा एवं उपयोग किए मोटर सायकल को जप्त किया गया। उपरोक्त कार्यवाही कर निरीक्षक मणिकांत पाण्डेय थाना प्रभारी जांजगीर एवम थाना स्टाफ का योगदान रहा।

**इन आरोपियों को किया गिरफ्तार**

रामजी रत्नाकर उर्फ बड़े गुड्डू पिता अभयराम रत्नाकर जाति सूर्यवंशी उम्र 40 वर्ष, विरेन्द्र कुमार लसार उर्फ छोटू पिता कौशल लसार उम्र 29 वर्ष, नंद किशोर मार्चे उर्फ ददुआ पिता गजाधर मार्चे उम्र 22 वर्ष एवं मनोज कुमार रत्नाकर पिता अभयराम रत्नाकर उम्र 26 वर्ष सभी निवासी ग्राम धुरकोट को गिरफ्तार किया गया।

# एमआर की घर में मौत, सुसाइड नोट में लिखा भैया मुझे माफ कर देना

**बिलासपुर।** एमआर की किराए के मकान में संदिग्ध रूप से लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। पुलिस को सुसाइड नोट मिला है जिसमें लिखा है भैया मुझे माफ कर देना। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



सकरी टीआई विजय कुमार चौधरी ने बताया, बिहार भागलपुर निवासी कुणाल कुमार राय पिता सुरेश्वर राय 29 साल उसलापुर में किराए के मकान में रहकर एमआर का काम कर रहा था। सोमवार की सुबह से शाम चत वह अपने रूम से बाहर नहीं निकला तो मकान मालिक ने उसके रूम में जाकर देखा, रूम में वह औंधेमुंह मृत पड़ा हुआ था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। तलाशी लेने पर सुसाइड नोट मिला। जिसमें बिहारी भाषा में भैया मुझे माफ कर देना लिखा हुआ है। पुलिस जहर खाकर खुदकुशी कर लेने की आशंका जता रही है। पुलिस ने शव मरच्युरी में रखवा दिया है।

# आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने के मामले में 4 चढ़े पुलिस के हत्थे

**जांजगीर-चांपा।** आत्म हत्या के लिए उत्प्रेरित करने के मामले में 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला सिटी कोतवाली का है।

मिली जानकारी के अनुसार 28 जून को रोहित कुमार सूर्यवंशी उम्र 35 साल ने आत्महत्या कर लिया था। बताया जाता है कि अपने हिस्से का जमीन का बटवारा को मांगने पर कुछ लोगों द्वारा उसने मारपीट कर करता था। जिससे तंग आकर रोहित ने जहर सेवन कर आत्महत्या कर



ली। जहर सेवन से उनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो जाने से मर्ग जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया था। पीएम रिपोर्ट एवं एफएसएल रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपी जितेन्द्र, महेन्द्र, बिहारी, गिरधारी सभी निवासी धुरकोट को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर शारीरिक दक्षता परीक्षा प्रशिक्षण

**कोरबा।** अग्निवीर थल सेना में भर्ती हेतु लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को सीएसईबी ग्राउंड कोरबा में निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 31 दिसंबर तक प्रदान किया जायेगा। जिले के इच्छुक उत्तीर्ण युवक प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोरबा में संपर्क कर सकते हैं।

### गेवरा क्षेत्र में पेंशनर्स हेतु दो दिवसीय डिजिटल अभियान शिविर आयोजित



**कोरबा।** मुख्यालय के निर्देश पर सुनार दीपका क्षेत्र, सीडब्ल्यूएस गेवरा एवं सीएमपीएफ कार्यालय बिलासपुर के तत्वावधान में गेवरा क्षेत्र में पेंशनर्स के लिए डिजिटल अभियान के तहत दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 10 एवं 11 नवंबर को चलेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ गेवरा क्षेत्र के महाप्रबंधक एन.के. साहू के करकमलों से हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाप्रबंधक अजय बेहरा ने सभी पेंशनर्स का स्वागत किया तथा दो दिवसीय शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि जो पेंशनर्स किसी कारणवश कार्यालय तक नहीं आ सकते, उनके लिए विशेष व्यवस्था की गई है, ऐसे पेंशनर्स के निवास स्थल पर जाकर भी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। महाप्रबंधक एन.के. साहू ने कहा कि अब पेंशनर्स बिना बैंक जाए, अपने मोबाइल के माध्यम से ही जीवन प्रमाण पत्र आसानी से जमा कर सकते हैं। इससे पेंशन जारी रखने की प्रक्रिया और भी सुगम हो गई है। उन्होंने सभी पेंशनर्स से आग्रह किया कि वे इस सुविधा की जानकारी अन्य पेंशनर्स तक पहुँचाएं और उन्हें डिजिटल प्रमाण पत्र जमा करने में सहयोग करें। इस अवसर पर क्षेत्रीय सलाहकार समिति, कल्याण समिति, सिस्टा, ओबीसी एसोसिएशन, काउंसिल के सदस्य सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### पलोटी स्कूल में विज्ञान कला प्रदशर्नी आज

**कोरबा।** रवि शंकर शुक्ल नगर में स्थित सेंट विसेंट पलोटी विद्यालय में 11 नवंबर को विज्ञान एंव कला प्रदशर्नी का आयोजन किया गया है। गिरेन्द्र कुमार द्विवेदी, महा प्रबंधक, सेन्ट्रल वर्क शाप, एसईसीएल द्वारा विज्ञान एंव कला प्रदशर्नी का शुभारंभ करेंगै। तत्पश्चात विद्यार्थियो द्वारा विभिन्न विज्ञान एंव कला पर आधारित प्रदशर्नी की जाएगी।

### शिक्षक की पदस्थापना से बच्चों को मिल रही बेहतर शिक्षा

**कोरबा।** ग्राम सरभोका स्थित बसाहट मोहल्ले में संचालित प्राथमिक शाला में सहायक शिक्षिका श्रीमती अंजुलता तंवर ने कार्यभार ग्रहण किया। श्रीमती तंवर के स्कूल में जुड़ने से बच्चों और ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा गया। यह विद्यालय वर्ष 1982-83 से संचालित है और वर्तमान में इसमें 45 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। अधिकतर विद्यार्थी हसदेव बांगो बांध डुबान क्षेत्र के भू-विस्थापित गरीब परिवारों से आते हैं। पिछले दो वर्षों से यह विद्यालय एकलशिक्षकीय था, जिससे न केवल विद्यार्थियों बल्कि प्रधानपाठक त्रिभुज सिंह तंवर को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

## निधन

### सत्यनारायण अग्रवाल



**कोरबा।** समाज सेवी सत्यनारायण अग्रवाल का सोमवार को निधन हो गया। वे अशोका सेल्स व आरकेटीसी ग्रुप के राजेन्द्र अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, अमर अग्रवाल, सुशील अग्रवाल ( सीलू) के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार 11 नवम्बर की सुबह 11 बजे उनके रायपुर स्थित आवास से मारवाड़ी मुक्तिधाम, बूढ़ा तालाब में किया जाएगा।

### फिरतिन बाई राठौर



**हरदीबाजार।** कोरबी अमलीपारा निवासी शिव कुमार राठौर की मां फिरतिन बाई राठौर उम्र 85 वर्ष का सोमवार सुबह अकास्मिक निधन घर पर ही हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थी,वे अपने पीछे नाती पवन राठौर, दिलीप राठौर, नतनीन डा. हेमलता राठौर सहित भरा पूरा परिवार शोक संतृप्त छोड़ गई। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें परिवार, समाज व गांव से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### अनूप जायसवाल



**कोरबा।** कोरबा प्रेस क्लब कोरबा के सदस्य पत्रकार अनूप जायसवाल का आकस्मिक निधन 9 नवंबर की रात्रि को हो गया। वे कुछ दिनों से गंभीर रूप से अस्वस्थ थे, जिन्हें गहन उपचार के लिए अपोलो अस्पताल बिलासपुर ले जाया गया था। वे अपने पीछे पत्नी, 2 पुत्र सहित भरा-पूरा परिवार रोता-बिलखता छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में सोमवार को किया गया जिसमें उनके परिजन सहित पत्रकार व अन्य शामिल हुए।

### 18 में से 17 खिलाड़ियों ने जीते पदक

# एमएमए अकादमी के खिलाड़ियों का जू-जित्सु राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अज़ीज़ पब्लिक स्कूल राजनांदगांव में आयोजित जू-जित्सु सब जूनियर राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में कोरबा के लेवल अप मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 34 पदक अपने नाम किए। टीम के 18 में से 17 खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्गों में पदक जीतकर कोरबा और छत्तीसगढ़ का नाम गौरवान्वित किया। यह प्रतियोगिता जू-जित्सु एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में आयोजित हुई, जो खेल एवं युवा कल्याण विभाग, भारत शासन एवं एशियन गेम्स में सम्मिलित खेल है।



चैंपियनशिप में विजेता खिलाड़ी।

स्वर्ण पदक विजेता में रुद्र शर्मा, अद्वितीय यादव, मिया, अगस्त्य शर्मा, आराध्या सोनी, वीरभद्र प्रकाश पैकरा, वी. संभवि, दीपेन्द्र चन्द्रा, अवनी शर्मा, प्रणव निर्मलकर शामिल हैं तथा रजत पदक विजेताओं में हृदया मंडल, विधि विजयवर्गीय, जस्मीत कौर, अर्नव साहू एवं कांस्य पदक विजेता में मेधा सोनी, युवराज गोगोई शामिल हैं। इसी तरह फाइटिंग गेम में स्वर्ण पदक विजेता अद्वितीय यादव, वी. संभवि, जस्मीत कौर, आराध्या सोनी, अगस्त्य शर्मा, प्रणव निर्मलकर, अर्नव यादव, दीपेन्द्र चन्द्रा, युवराज गोगोई, अवनी शर्मा एवं रजत पदक विजेता रुद्र शर्मा, आर्या सेठी, मिया, हृदया मंडल, विधि विजयवर्गीय, वीरभद्र प्रकाश पैकरा तथा कांस्य पदक विजेता मेधा सोनी है। कोरबा की टीम को जिला जू-जित्सु संघ कोरबा के अध्यक्ष एवं हेड कोच एनआईएस प्रेमराज बंजारे के नेतृत्व में तथा कोच एवं टीम मैनेजर स्नेहा बंजारे की देखरेख में खिलाड़ियों ने मैच खेला और शानदार प्रदर्शन किया।

# कालेज की महिला टीम रग्बी लीग में द्वितीय उपविजेता



विजयी टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाली

रग्बी इंडिया द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में रविवार को आयोजित अस्मिता रग्बी लीग में शासकीय नवीन महाविद्यालय पाली की महिला टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय उपविजेता स्थान प्राप्त किया है। इस प्रतियोगिता में जिले की अनेक टीमों ने भाग लिया, जिनमें महाविद्यालय की टीम ने अपने दमदार खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पुष्पराज लाजरस एवं खेल विभाग ने टीम की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। प्रशिक्षकों ने भी बताया कि खिलाड़ी निरंतर अभ्यास और समर्पण के साथ इस स्तर पर पहुँची हैं। इस उपलब्धि से पाली महाविद्यालय एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ा है और यह सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में उत्कृष्टता की प्रेरणा देगी।

# जाखड़ अध्यक्ष तो दिलहरण बने उपाध्यक्ष



संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के पांचों जनपद कोरबा, कटघोरा, करतला, पाली और पोड़ी-उपरोड़ा के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को कटघोरा स्थित होटल गगन में सम्पन्न हुई। इस बैठक में सर्वसम्मति से संघ का जिला स्तरीय गठन किया गया। बैठक में पोड़ी उपरोड़ा जनपद के उपाध्यक्ष प्रकाश चंद जाखड़ को जिलाध्यक्ष और पाली जनपद के उपाध्यक्ष दिलहरण कश्यप को जिला उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ जनपद प्रतिनिधियों द्वारा की गई, जिसमें जिले के सभी ब्लॉकों से आए जनपद पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित सभी जनपद अध्यक्षों और उपाध्यक्षों ने नवगठित जिला नेतृत्व को बधाई दी और उम्मीद जताई कि संघ उनके नेतृत्व में और अधिक मजबूत तथा सक्रिय भूमिका निभाएगा। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रकाश चंद जाखड़ ने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए जनता और जनप्रतिनिधियों के विश्वास का प्रतीक है। वे इस पद को सेवा के रूप में निभाएंगे और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। वहीं, जिलाउपाध्यक्ष दिलहरण कश्यप ने कहा कि संघ अब जनपद स्तर पर जनप्रतिनिधियों के अधिकारों की रक्षा और विकास कार्यों की गति बढ़ाने के लिए एक सशक्त मंच के रूप में कार्य करेगा।

# रायपुर रीजन ने दोनों मुकाबले जीतकर दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रविवार को खेले गए विद्युत पावर क्रिकेट लीग 2025 के छठे और सातवें मैच में रायपुर रीजन टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों मुकाबलों में जीत हासिल की। यह लीग 2 नवम्बर से प्रारंभ हुई है और इसमें विभिन्न विद्युत क्षेत्रीय टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले खेले जा रहे हैं। पहले मैच में ए.बी.वी.टी.पी.एस. मडवा टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने का निर्णय लिया। टीम ने 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 135 रन बनाए। मडवा के अतुल साव ने सर्वाधिक 40 रन (27 गेंदों में) बनाकर टीम को संभाला। लक्ष्य का पीछा करते हुए रायपुर रीजन ने शानदार बल्लेबाज़ी का प्रदर्शन किया और 17 ओवर में



प्रतियोगिता में ट्रॉफी लेते विजयी टीम के खिलाड़ी।

139 रन बनाकर 5 विकेट से मैच जीत लिया। लवनीत सिन्हा ने 17 गेंदों में 37 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। गजेन्द्र सिंह को बेहतरीन प्रदर्शन (34 नाबाद रन और 3 विकेट) के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में रायपुर रीजन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने का निर्णय लिया। टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 212 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। गुलशन रंगारी ने तूफानी अंदाज़ में खेलते हुए 58 गेंदों में नाबाद 106 रन बनाए और अपनी टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिलासपुर रीजन की टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 137 रन बनाए। दिनेश चन्द्रा ने नाबाद 68 रन (58 गेंदों में) की संघर्षपूर्ण पारी खेली, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। रायपुर रीजन ने यह मुकाबला 75 रनों से जीत लिया। गुलशन रंगारी को शानदार शतक के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। सरोज राठौर, शैलेश चौधरी, दिदा कुश कुजुर, सुधेश्वर देवांगन, सी.एस. जायसवाल, राहुल यादव एवं ध्रुव कुमार ने मुख्य निर्णायकों की भूमिका निभाई। मुख्य अतिथि के रूप में सुरेश क्रिस्टोफर, गोवर्धन सिदार सहित अन्य शामिल थे।

# राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूरे होने पर दिखा देशभक्ति का जज़्बा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर पालिका परिषद कटघोरा में देशभक्ति और गर्व का माहौल देखने को मिला, जब राष्ट्रगीत वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के

**खास बात**

- कटघोरा में वंदे मातरम रैली का हुआ आयोजन

उपलक्ष्य में नगर पालिका परिषद के अधिकारी, कर्मचारी और स्वच्छता दीदियों ने एक भव्य वन्दे मातरम रैली निकाली। यह रैली नगर पालिका के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुद्रिका प्रसाद तिवारी के नेतृत्व में नगर पालिका कार्यालय परिसर से प्रारंभ हुई। रैली में नगर पालिका के सभी अधिकारी, कर्मचारी तथा स्वच्छता दीदियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

रैली नगर पालिका कार्यालय से होते हुए नगर के मुख्य मार्गों पर निकली, जहां लोगों ने उत्साहपूर्वक तिरंगा लहराकर प्रतिभागियों का स्वागत किया। रैली का समापन शहीद वीर नारायण चौक पर हुआ, जहां सभी प्रतिभागी एकत्र होकर राष्ट्रगीत वन्दे मातरम का सामूहिक गायन किया। इस अवसर पर राष्ट्रगीत के रचयिता बंकिमचंद्र चटर्जी को नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुद्रिका प्रसाद तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि वन्दे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह हमारे राष्ट्र गौरव और एकता का प्रतीक है। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपने जीवन में देशभक्ति की भावना को बनाए रखें और राष्ट्रगीत का आदर करें। स्वच्छता दीदियों ने भी रैली के माध्यम से स्वच्छता और देशभक्ति का संदेश दिया। नगरवासियों को राष्ट्रगीत के महत्व को समझाने और उसके गायन के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम ने पूरे नगर में देशभक्ति की नई ऊर्जा का संचार किया। वन्दे मातरम के जयघोष से कटघोरा नगर गूंज उठा और लोगों ने इस ऐतिहासिक अवसर पर अपने राष्ट्रप्रेम को भावपूर्ण तरीके से व्यक्त किया।




रैली निकालते नपाप कटघोरा के कर्मचारी।

# भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष के प्रथम कोरबा आगमन पर हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा के प्रथम कोरबा आगमन पर जिले के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने जगह जगह स्वागत किया। टीपी नगर चौक में युवाओं ने बाइक रैली, ढोल-नगाड़ों, फूलों से प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। पाली से लेकर पावर हाउस रोड कोरबा तक स्वागत कार्यक्रमों का सिलसिला चलता रहा।

प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने कहा कि भाजपा का युवा कार्यकर्ता केवल राजनीति नहीं करता, वह राष्ट्र निर्माण का सैनिक होता हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के युवा भारत, विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की जिम्मेदारी अब हमारे कंधों पर है। हमें हर बूथ, हर गांव और हर वार्ड तक पहुंचकर युवाओं को जोड़ना है और उन्हें आत्मनिर्भर भारत की यात्रा का भागीदार बनाना है। उन्होंने कहा कि मैं कोरबा की युवा शक्ति को प्रणाम करता हूं। यहां जो जोश, अनुशासन और एकता मैंने देखी है, वह अद्भुत है। भाजपा युवा मोर्चा केवल संगठन नहीं, एक परिवार हैं जो देश संस्कृति और विचारधारा के प्रति समर्पित हैं। भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित स्वागत समारोह में जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि भाजपा युवा मोर्चा हमारे संगठन की आत्मा है। आज जिस जोश और अनुशासन के साथ हमारे युवा कार्यकर्ता अपने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत कर रहे हैं, वह आने वाले सुनहरे भविष्य की झलक है। उन्होंने जिले के सभी मंडलों के कार्यकर्ताओं की सक्रियता और संगठनात्मक अनुशासन की सराहना की। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री सुश्री रितु चौरसिया, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, डॉ. राजीव सिंह, महामंत्री युवा मोर्चा नरेन्द्र देवांगन, संजय शर्मा, विकास झा, लक्की नंदा, अजय कंवर, नवीन मार्कंडेय, अर्जुन गुप्ता, पंकज सोनी, नीरज ठाकुर सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



कोरबा प्रवास पर पहुंचे भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष।

# गौरव दिवस अपने अतीत को याद करते हुए भविष्य निर्माण का मार्ग करता है प्रशस्त : प्रेमचंद






कार्यक्रम के अतिथि विधायक श्री पटेल को सम्मानित करते अधिकारी एवं कार्यक्रम प्रस्तुत करते लोक कलाकार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़ा कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत सोमवार

**खास बात**

- जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़ा का हुआ शुभारंभ

को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला मेंपारंपरिक फैशन डिजाइनिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि श्री पटेल ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस भारतीय जनजातियों के लिए अपने अतीत को याद करते हुए अपने भविष्य को निर्माण करने का मार्ग प्रशस्त करता है। विशिष्ट अतिथि सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री कसेर ने बताया कि जनजातीय मंत्रालय द्वारा जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाने का निर्णय भारत में समावेशी विकास को बढ़ावा देता है जिसमें सभी समाज एक साथ मिलकर नए भारत का निर्माण कर सकें। प्राचार्य श्री साहू ने कहा कि पूरा समाज विकास तभी कर सकता है जब समाज के अंतिम व्यक्ति द्वारा प्रयास किया जाए। एकलव्य विद्यालय के प्राचार्य डॉ अहमद ने बताया कि जनजातीय गौरव दिवस एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है जिससे विद्यार्थी अपने समाज के क्रांतिकारियों के बारे में विभिन्न दृष्टिकोण से जानते एवं समझते हैं। जनजातीय गौरव दिवस जनजातीय मंत्रालय भारत सरकार की एक अनूठी पहल है जिसमें भारत सरकार भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाती है और यह कार्यक्रम 15 दिनों (पखवाड़े भर) तक चलता है। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं जिससे छात्रों में विभिन्न कौशल जैसे नेतृत्व कौशल कलात्मक कौशल रचनात्मक कौशल क्रिटिकल थिंकिंग और सामाजिक कौशल का विकास होता है। अतिथियों के स्वागत के उपरांत जनजातीय नृत्य की प्रस्तुति दी गई। विद्यालय के विद्यार्थियों ने देश की विभिन्न जनजातियों के परिधानों, खान-पान, बोली एवं विशेषताओं से सभी को परिचित कराया।

# नर्सरी मोहल्ला में बनेगा 5 लाख से मंच, पार्षद ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



निगम के वार्ड क्रमांक 18 कोहड़िया अंतर्गत छोटे नर्सरी पारा में मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मद से 5 लाख की लागत से प्रस्तावित मंच निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। वार्ड पार्षद एवं भाजयुमो जिला महामंत्री नरेंद्र देवांगन ने पूजा-अर्चना एवं नारियल फोड़कर निर्माण कार्य की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि यह मंच निर्माण कार्य क्षेत्र की सांस्कृतिक, सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करेगा और स्थानीय जनों के लिए एक सशक्त सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित होगा। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति सदस्य कपूर चंद पटेल, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता दरस राम बरेट, शिव चौहान, राकेश यादव, राहुल केवट, कृष्ण कुमार द्विवेदी, रवि पोरते, शैलेंद्र वस्त्रकार, गणेश राम बरेट, झूल साय, श्रीमती सुनीता राव, श्रीमती बबली मरकाम, श्रीमती राजकुमारी महंत, श्रीमती ईश्वरी महंत, श्रीमती ईश्वरी साहू, विनय साहू, श्रीमती रजनी वस्त्रकार, श्रीमती अनीता श्रीवास, श्रीमती ललिता केवट, श्रीमती बसंती चौहान, श्रीमती कांती मंनिवर, श्रीमती नोनी बाई सिदार, श्रीमती रामशिला महंत, कीर्तन नेताम एवं विनय साहू उपस्थित रहे।

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज



नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

रा.प्र.क. 202510050600078
शीर्ष ब-121/2025-26
ग्राम-कोरबा, प.ह.नं.-16

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि विषयांतर्गत आवेदिका अमृता आदिले पति स्व० अनिल आदिले, जाति-सतनामी, निवासी पुरानी बस्ती आदिले चौक कोरबा, तहसील व जिला कोरबा छ.ग. द्वारा के द्वारा अपने पति स्व. अनिल आदिले वल्द स्व. हर प्रसाद आदिले जो कि घरेलू कामकाज/मजदूरी कार्य करते थे जिनकी आकस्मिक मृत्यु दिनांक 19/08/2025 को हो जाने के फलस्वरूप आश्रित/वारिस प्रमाण पत्र प्रदाय करने बाबत इस न्यायालय प्रस्तुत किया है।उक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था का कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा / आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 12.11.2025 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।आज दिनांक 29/10/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

रा.प्र.क. बी-121/2024-25
ग्राम कटघोरा, प.ह.नं. 10 तह.कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.)

एतद द्वारा आम जनता मौजा कटघोरा प.ह.न. 10 रा.नि.म. व तहसील कटघोरा जिला-कोरबा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद जावेद पिता/पति स्व. याकूब मोहम्मद उम्र 49 वर्ष जाति मुसलमान निवासी ग्राम पुरानी बस्ती, कटघोरा, तह. कटघोरा जिला-कोरबा छ.ग. के द्वारा अपने स्वयं मोहम्मद जावेद पिता/पति स्व. याकूब मोहम्मद का जन्म दिनांक 15.05.1976 को स्थान कटघोरा, तह. कटघोरा स्थित स्वंय के घर में होने का लेख करते हुए जन्म-मत्यु रजिस्टार नगर पालिका परिषद कटघोरा से जारी घटना का परिशुद्धता एवं अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सहित जन्म प्रमाण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो अपना दावा आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 25.11.2025 को न्यायालयीन समय 11:00 बजे उपस्थित हो कर पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात किये जाने वाले दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 06.11. 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।
स्थान-कटघोरा

**तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, कटघोरा**

## खबर संक्षेप



### ध्यान योग एवं सत्संग शिविर का सफल आयोजन

**कोरबा।** समर्थ गुरु धारा मैत्री संघ के तत्वावधान में रविवार को कलचुरी जायसवाल भवन में एकदिवसीय ध्यान योग एवं सत्संग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मार्गदर्शन आचार्य मां वंदना एवं आचार्य संतोष ने किया। दोनों आचार्यों ने जिले के प्रतिभागियों को संजीवनी ध्यान, ब्रह्म ध्यान तथा कुण्डलिनी ध्यान साधना जैसी विशेष ध्यान विधियाँ सिखाईं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए जिन्होंने ध्यान और योग के माध्यम से भागदौड़ भरी जीवनशैली से राहत और तनावमुक्त जीवन का अनुभव प्राप्त किया। इस अवसर पर सुश्री उपासना ओझा को महिला सशक्तिकरण क्षेत्र में योगदान हेतु वुमन एंपावरमेंट जिला संयोजक नियुक्त किया गया। संगठन द्वारा बताया गया कि मुड़ापार हेलीपैड के पास समर्थगुरु धारा ध्यान केंद्र खोला गया है, जहां प्रत्येक रविवार सुबह 9 बजे से 11 बजे तक ध्यान सत्र आयोजित किया जाता है।

### जिले को मिली 37 करोड़ की सौगात, गौरव पथ बनेगा शहर की नई लाइफलाइन

**कोरबा।** मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के तहत कोरबा शहर के विकास को एक नई दिशा मिलने जा रही है। नगर निगम कोरबा क्षेत्र में लगभग 37 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले गौरव पथ को प्रदेश सरकार ने प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह गौरव पथ सीएसईबी चौक से जैन चौक तथा आईटीआई चौक से कोसाबाड़ी चौक तक बनाया जाएगा, जिससे शहर में यातायात सुगम होगा और नागरिकों को आधुनिक सड़क सुविधा मिलेगी। महापौर ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव तथा प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सह विधायक लखनलाल देवांगन का हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह स्वीकृति कोरबा शहर के समग्र विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। महापौर ने कहा कि गौरव पथ का निर्माण पूरा होने के बाद यह मार्ग कोरबा की लाइफलाइन साबित होगा। शहर के मुख्य व्यावसायिक और आवासीय इलाकों को जोड़ते हुए यह सड़क न केवल यातायात की समस्या को दूर करेगी, बल्कि शहर के सौंदर्य में भी चार चांद लगाएगी। महापौर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की ट्रिपल इंजन सरकार केंद्र, राज्य और स्थानीय निकाय मिलकर कोरबा के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। आने वाले दिनों में शहर के बुनियादी ढांचे, जल निकासी, प्रकाश व्यवस्था और सौंदर्यीकरण से जुड़ी कई नई योजनाएं भी लागू की जाएंगी।

### कार्यशाला में दी जा रही है एसआईआर की जानकारी



**मड़वारानी।** रामपुर विधानसभा के गढ़ उपरोड़ा मंडल के सतरेंगा मे एसआईआर स्पेशल इंटेसीव रिवीजन की प्रशिक्षण कार्यशाला किया गया। जिला मंत्री भाजपा अजय कंवर मंडल प्रभारी गढ़ उपरोड़ा ने एसआईआर की मंडल स्तरीय बैठक कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष हरिशंकर यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष धन सिंह कंवर, अमृत लाल राठिया, जगत राम मँझवार, विश्वनाथ कंवर, श्री रजवाड़े, रामायण, मंडल महामंत्री रामकुमार यादव, पूरन सिंह, माधो सिंह, जीतेन्द्र देवांगन, फिरतन विश्वकर्मा, रोहन कंवर, रितेश, श्रीमति कुंती चंद्रा एवं वरिष्ठ कार्यकर्त्तागण की उपस्थित में गड़ उपरोड़ा मंडल के सभी बूथ अध्यक्षों, बीएलओ एवं कार्यकर्ताओं की मतदाता पुनरीक्षण कार्यशाला में सम्मिलित होकर संगठन के समर्पित साथियों के साथ सार्थक संवाद किया। इस कार्यशाला में आगामी मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के विभिन्न चरणों जैसे मतदाता सूची का अद्यतन, सत्यापन, नए मतदाताओं का नाम जोड़ना तथा त्रुटियों का सुधार पर विस्तार से चर्चा की।

## जिला मुख्यालय में ही होता है मिट्टी परीक्षण का काम

# मिट्टी परीक्षण, बुआई के बाद हुई कटाई भी खत्म पर किसानों तक नहीं पहुंची रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

खरीफ की फसल के पूर्व मिट्टी परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय की प्रयोग शाला में भेजे गए सैंपल की रिपोर्ट फसल कटाई तक भी नहीं मिली है। अधिकांश बड़े किसानों के द्वारा ही अपने खेतों की मिट्टी परीक्षण के लिए प्रयोगशाला में भेजा गया था। रिपोर्ट कार्ड तैयार होने के बाद भी विभाग के ब्लॉक मुख्यालय के अधिकारी किसानों तक पहुंचाने में रुचि नहीं लेते।

**खास बात**
- सॉइल कार्ड के वितरण में रुचि नहीं ले रहे हैं ब्लाक के अधिकारी

कृषि विभाग द्वारा इस वर्ष 8 हजार सॉइल कार्ड वितरण का लक्ष्य रखा गया था। इस लक्ष्य को लेकर विभाग के द्वारा जिन ब्लॉक मुख्यालय के माध्यम से किसानों के खेतों की मिट्टी के सैंपल संग्रहित किए गए इसका परीक्षण कर रिपोर्ट किसानों को देनी थी ताकि किसान धान की फसल लेने के पूर्व अपने खेत की मिट्टी की गुणवत्ता जान सकें और सही तरीके के खाद कर सकें। इसकी जानकारी किसानों को फसल लेने के पूर्व ही मिल जाती थी लेकिन ऐसा नहीं हो सका। जिले के बड़े किसान जिन्हें प्रगतिशील किसान की श्रेणी में रखा जाता है उनके द्वारा स्वयं अपनी जागरुकता दिखाते हुए जिला कार्यालय से ही मिट्टी सैंपल की रिपोर्ट ली गई लेकिन ऐसे छोटे किसान जो दूर होने की वजह से जिला मुख्यालय नहीं आ सकते वह ब्लॉक मुख्यालय के अधिकारियों पर ही निर्भर रहते हैं अधिकारियों की उदासीनता से उन तक सॉइल कार्ड नहीं पहुंच सका। विभाग इस बात को स्वीकारता है उसकी मानें तो रबी की फसल के पूर्व किसानों तक सॉइल कार्ड पहुंच जाएगा।



**सब्जी की खेती के लिए भी बढ़ी है जागरुकता**

धान की फसल के अलावा किसान अन्य अनाज एवं सब्जी की फसल भी लेने लगे हैं। जिसके लिए खाद की आवश्यकता ज्यादा होती है। पिछले कुछ वर्षो से सब्जी की फसल लेने वाले किसानों की संख्या बढ़ी है। ऐसे किसानों के द्वारा खाद का उपयोग ज्यादा किया जाता है और यही किसान अपने खेतों की मिट्टी का परीक्षण कराते हैं। इससे बीते कुछ वर्षों से जिले के एकमात्र मिट्टी परीक्षण प्रयोग शाला में काम का दबाव भी बढ़ा है।


**समाधान शिविर में होता था इसका वितरण**

खेतों की मिट्टी परीक्षण की रिपोर्ट कार्ड का वितरण जिला प्रशासन द्वारा लगाए जाने वाले समाधान शिविर में हमेशा किया जाता रहा है इससे किसानों को उनके गांव में ही सॉइल कार्ड मिल जाता था किंतु बीते 8 माह से समाधान शिविर नहीं लगने के कारण सॉइल कार्ड का वितरण बंद पड़ा हुआ है। ब्लॉक मुख्यालय के ऊपर ही इनके वितरण की जिम्मेदारी है। जो पूरी नहीं हो पाती।

**8 हजार का लक्ष्य हुआ पूरा**

8 हजार सॉइल कार्ड का वितरण करना था। इसके लक्ष्य को लेकर किसानों द्वारा लाए गए मिट्टी के सैंपल का परीक्षण हुआ है। जिला मुख्यालय के कार्यालय में सॉइल कार्ड बनकर तैयार है। ब्लाक मुख्यालय के अमले द्वारा नहीं ले जाए जाने के कारण किसानों तक कार्ड नहीं पहुंचा होगा।
-डी पी एस कंवर, उप संचालक कृषि विभाग

# कृषि विभाग ने किसानों को बांटे सरसों बीज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

विकासखण्ड पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम पंचायत पोड़ीखुर्द में शुक्रवार को कृषि विभाग ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में दर्जनों किसानों को निशुल्क मिनी सरसों का बीज वितरण किया। यह वितरण पंचायत कार्यालय भवन में दोपहर को किया गया। योजना के तहत प्रति एकड़ दो किलो बीज उपलब्ध कराया गया तथा इसका लाभ उठाने के लिए पंजीकृत किसानों को अपने खेतों के इंतखाब, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर देना अनिवार्य बताया गया। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिना पंजीकरण वाले किसान इस निशुल्क योजना से वंचित रह जाएंगे।

पोड़ी उपरोड़ा स्थित कृषि विभाग के प्रभारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी अखिलेश कुमार देवांगन ने बताया कि विभाग को राष्ट्रीय बीज निगम से किसानों को वितरण हेतु सरसो बीज मिला है। इस बीज को उप संचालक कृषि विभाग कोरबा के मार्गदर्शन में आरईओ (ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी) के माध्यम से निशुल्क रूप से वितरण कर रहे है, साथ ही किसानों को उन्नत खेती करने की सलाह भी दे रहे है। उन्होंने आगे बताया कि पोड़ी उपरोड़ा विकासखण्ड के किसान ज्यादातर धान की खेती करते है। किसानों का रुझान गेहूं का उपज लेने के साथ शरदकालीन सहफसली सरसो की खेती के प्रति करने के लिए निशुल्क बीज दिया जा रहा है। इस बीज की खासियत है कि इसे पानी की अधिक जरूरत भी नही पड़ती और अधिकाधिक उपज होती है। जिससे किसानों की अतिरिक्त आय बढ़ेगी। प्रभारी अधिकारी के मुताबित बीज वितरण में किसी भी तरह की लापरवाही नही हो, इसके लिए वह मॉनिटरिंग कर रहे है। पोड़ीखुर्द पंचायत कार्यालय भवन में सरसो बीज वितरण के दौरान बड़ी संख्या में किसानों को बीज मिला, जिससे उनके चेहरे पर खुशी दिखी।

# सुतर्रा कटघोरा बायपास मार्ग की हालत जर्जर, हादसे का बढ़ा खतरा



जर्जर सुतर्रा कटघोरा बायपास मार्ग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

कटघोरा से गुजरने वाली कटघोरा सुतर्रा बायपास मार्ग की स्थिति भारी वाहनों के आवागमन से जर्जर हो चली है। राखड़ व कोयला लेकर चलने वाले भारी वाहनों से उठ रहे धूल के गुबार के कारण आम नागरिकों का आवागमन करना मुश्किल हो गया है। वहीं स्वास्थ्य पर भी धूल प्रदूषण का प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों के मांग पर शीघ्र ही मरम्मत व पुर्ननिर्माण का आश्वासन दिया गया था किंतु आज तक उक्त कार्य शुरु नहीं हो सके हैं।

**खास बात**
- आश्वासन के बाद भी शुरू नहीं हुआ काम, क्षेत्रवासियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

सुतर्रा-कटघोरा बायपास मार्ग की स्थिति विगत लंबे समय से अत्यंत जर्जर है। उक्त मार्ग से प्रतिदिन अनियमित गति से भारी वाहनों का आवागमन होने से गड्ढों व राखड़ कोयले के धूल गुबार से आमजन, स्कूली बच्चे तथा ग्रामीण लगातार दुर्घटनाओं व स्वास्थ्य समस्याओं का सामना कर रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा पूर्व में सड़क मरम्मत व पुनर्निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने का आश्वासन दिया गया था किंतु आज तक किसी भी प्रकार का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने सुधार कार्य प्रारंभ ना होने की स्थिति पर चक्काजाम करने व सड़क परिवहन मंत्री के पुतला दहन करने की भी चेतावनी दी है।

# चार दिन बाद शुरु होगी धान खरीदी, अब तक हड़ताल से नहीं लौटे समितियों के कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

आज से 4 दिन बाद 15 नवंबर से धान खरीदी शुरु हो जाएगी और अब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चल रहे समितियों के कर्मचारियों के हड़ताल से नहीं लौटने के कारण धान खरीदी की तैयारी ठप पड़ी हुई है। वहीं दूसरी ओर जिला प्रशासन खरीदी के तैयारियों की समीक्षा कर रहा है। बीते एक सप्ताह से 2 सौ से अधिक कर्मचारी हड़ताल पर चल रहे हैं।

**खास बातें**
- एक सप्ताह से 4 सूत्रीय मांग को लेकर चल रहे हैं अनिश्चितकालीन हड़ताल पर
- खरीदी की तैयारियां पूरी तरह पड़ी हैं ठप

चार सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ के नेतृत्व में जिले के 2 सौ से अधिक सहकारी समिति के कर्मचारी बीते 27 अक्टूबर से चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं। समिति के कर्मचारी 4 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। जिसकी सूचना उनके द्वारा जिला प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से दी गई थी लेकिन किसी तरह की प्रशासनिक पहल नहीं होने की वजह से हड़ताल परजाने के लिए मजबूर हो गए और अब 15 नवंबर से खरीदी की शुरुआत होनी है इसकी तैयारियां बीते एक सप्ताह से चल रही थी। कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने के कारण पूरी तैयारियां ठप पड़ी हुई हैं। समितियों में सन्नाटा पसरा हुआ है। इधर जिला प्रशासन खरीदी कार्य में पर कसावट लाने के लिए समितियों के डाटा एंट्री ऑपरेटर से लेकर फड़ प्रभारियों तक को बदलने की कार्यवाही कर चुका है किंतु कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से उसके आगे की कार्यवाही रुकी हुई है।



**चैतमा सहकारी समिति में लंबे समय से जगह की बनी है समस्या**

चैतमा आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के प्रबंधकों की हड़ताल एवं जगह के कमी के कारण धान खरीदी प्रभावित हो सकती है। पाली विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत चैतमा में विगत कई वर्षों से धान की खरीदी की जाती है क्योंकि समिति का कार्यालय शिक्षक कॉलोनी में स्थित है। जहां पर शिक्षकों के निवास एवं स्कूल संचालित होने के कारण दिनों दिन जगह का अभाव होता जा रहा है। जिसके चलते धान लेकर आने वाले वाहनों को आवागमन के लिए बनी सड़क पर ही वाहन खड़ा करना पड़ता है। वाहन खड़ा होने के कारण आवागमन करने वालों को परेशानी होती है। वहीं चैतमा खरीदी केंद्र में वर्ष 2024-25 में कृषक संख्या 1372 है। कुल गांव 27 हैं कुल ग्राम पंचायत 16 है। वर्ष 2024-25 कुल रकबा 1921.3395 हेक्टेयर है। वर्ष 2024-25 में कुल खरीदी 67229.60 क्विंटल मेट्रिक टन क्षमता धान रखने के लिए जगह का अभाव होता है। ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत डोड़की में नया धान खरीदी केंद्र की घोषणा हुई थी किंतु वहां पर अभी तक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं हुई है।

# तालाब के नाम पर बना दी गई डबरी, हो गया मजदूरी भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मड़वारानी

ग्राम पंचायत कटबितला विकासखंड कोरबा में सत्र 2024-2025 में बृहस्पति / पंचराम के नाम पर कृषि तालाब निर्माण स्वीकृत हुआ था जिसे पुराने डबरी में सिर्फ मेढ़ बनाकर मजदूरी भुगतान करा दिया गया। जिसमें 1017 दिन कार्य कराया गया जिसमें मजदूरी भुगतान 2 लाख 60 हजार 610 रुपए का मजदूरी भुगतान किया गया जिसमें 84 हजार 355 रुपये का फर्जी मजदूरी भुगतान कराया गया। जिससे सरपंच, सरपंच परिवार सहित अन्य मजदूरी के नाम शामिल हैं। शंकर लाल 32 दिन मजदूरी भुगतान 8284 रूपये, मीथला बाई 16 दिन मजदूरी भुगतान 4108 रूपये, मनोहर 4 दिन मजदूरी भुगतान 1044 रूपये, जानकी बाई 4 दिन मजदूरी भुगतान 1044 रुपये, भागीरथी 16 दिन मजदूरी भुगतान 4108 रूपये, प्रताप सिंह 6 दिन मजदूरी भुगतान 1546 रूपये, मूर्ति बाई 6 दिन मजदूरी भुगतान 1546 रुपये ,सती निर्मलकर 27 दिन मजदूरी भुगतान 6823 रुपये, नेतराम 17 दिन मजदूरी भुगतान 4216 रूपये, लक्ष्मीनारायण 22 दिन मजदूरी भुगतान 5721 रूपये, मनहरण लाल 12 दिन मजदूरी भुगतान 2893 रूपये, संपत प्रसाद, संतोषी बाई धीवर, 50 दिन मजदूरी भुगतान 12917 रूपये, धनीराम , सहोदरा 34 दिन मजदूरी भुगतान 8787 रूपये, रामनारायण निर्मलकर 21 दिन मजदूरी भुगतान 5235 रूपये, नित्यानंद राजवाडे 18 दिन मजदूरी भुगतान 4677 रूपये, अचला कंवर, विजय कुमार कंवर 32 दिन मजदूरी भुगतान 8313 रूपये, राजकुमार , रूखमणी 12 दिन मजदूरी भुगतान 3093 रूपये करा दिया गया जबकि पहले से बना हुआ तालाब में ही मेढ़ का निर्माण कराकर आधे पैसे को फर्जी मजदूरी भुगतान करा दिया गया।



डबरी जिसका किया गया निर्माण।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# ब्रह्माकुमारी संस्थान में आयोजित हुआ जीवन बचाने के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

सडक हादसों में कमी लाने को लेकर यातायात पुलिस अपने स्तर पर काम कर रही है। इसके अलावा कुछ सामाजिक संगठनों को भी उनकी भूमिका के लिए शामिल किया गया है। कुल मिलाकर कोशिश यही है कि सडक पर आवागमन करने वाले लोगों को इतना जागरूक कर दिया जाए कि वे सडक सुरक्षा नियमों को मानने के साथ जीवन के महत्व को समझे। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष योगेश जैन, यातायात निरीक्षक तेजकुमार यादव और एएसआई मनोज राठौर बतौर अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में ब्रह्माकुमारी की संचालिकाओं, डॉ केसी देवनाथ, शेखर ने अपनी बात रखी। चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष योगेश जैन ने सडक सुरक्षा को लेकर बने नियमों और इनके पालन को सभी के लिए आवश्यक बताया। यातायात निरीक्षक तेजकुमार यादव का कहना था कि जरा सी असावधानी लोगों को बड़े खतरे में डाल सकती है और उनके जीवन में संकट आ सकता है। इसलिए यातायात के दौरान हम सभी को सतर्क रहने की जरूरत है। एएसआई मनोज राठौर ने कहा कि जिस तरह औद्योगिक स्थलों पर सुरक्षा को लेकर अधिकारी से लेकर कर्मचारी व श्रमिक गंभीरता दिखाते हैं, कुछ ऐसा ही रवैया यातायात के दौरान लोगों को दिखाना चाहिए। उनका कहना था कि जिंदगी ईश्वर का दिया उपहार है और इस मामले में सुरक्षा को लेकर समझौते बिल्कुल नहीं होने चाहिए। कार्यक्रम में पवन, दिलचंद साहू व अन्य उपस्थित थे।



अतिथियों को सम्मानित करते संस्था की सदस्य।

स्वामी जी 93406-38884
By Train-रिजर्वेशन कोच
26 दिसंबर 2025 11 दिन की यात्रा
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
राशि: स्लीपर-16,501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
13 नवंबर, 18 दिसंबर, 2025, 02 जनवरी, 06 फरवरी, 28 मार्च, 10 अप्रैल, 08 मई, 15 मई, 22 मई, 05 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411